NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :06, अंक :-10, पृष्ठ : 12 | गुरुवार, 16 जुलाई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र



## पुरी में विश्व प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा शुरू

**पुरी।** ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा आज से शुरू हो गई है। तीनों भव्य रथ पूरी तरह सजकर ग्रैंड रोड पर तैयार हैं। देश-विदेश से पहुंचे लाखों श्रद्धालु इस दिव्य आयोजन के साक्षी बनेंगे। रथ यात्रा को लेकर मंदिर प्रशासन ने सभी धार्मिक अनुष्ठान पूरे कर लिए हैं। सुरक्षा के लिए करीब 14 हजार जवान, एनएसजी, सीआरपीएफ, बीएसएफ और आरएएफ की तैनाती की गई है। ड्रोन और एंटी ड्रोन सिस्टम से निगरानी की जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों को रथ यात्रा की शुभकामनाएं दी हैं।

# हर जान कीमती

## वांगचुक के अनशन पर दिल्ली हाईकोर्ट के केंद्र-दिल्ली सरकार को निर्देश- रोजाना मेडिकल जांच हो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक की बिगड़ती सेहत पर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि हर नागरिक की जान कीमती है। उसकी रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है।

कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार को उनकी रोजाना मेडिकल जांच कराने और जरूरत पड़ने पर तुरंत इलाज कराने के निर्देश दिए हैं। वांगचुक की भूख हड़ताल का आज 19वां दिन है। याचिका में जबरन खाना देने के निर्देश देने की मांग की गई थी। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि सरकारी डॉक्टर वांगचुक के स्वास्थ्य पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जरूरत पड़ने पर उचित इलाज उपलब्ध कराया जाएगा।

**याचिका में वांगचुक को इमरजेंसी ट्रीटमेंट देने की मांग**

याचिकाकर्ता राकेश कुमार सैनी ने कहा है कि अगर भूख हड़ताल जारी रही तो अगले कुछ दिनों में वांगचुक की जान को खतरा हो सकता है। वांगचुक को तुरंत इमरजेंसी ट्रीटमेंट, जीवनरक्षक उपचार और जरूरी पोषण उपलब्ध कराया जाए।

याचिका में कहा गया है कि सरकार की निष्क्रियता चिंताजनक है और किसी नागरिक को स्वेच्छा से भूख से मरने नहीं दिया जा सकता। सरकार को उनके आंदोलन से जुड़े मुद्दों पर बातचीत शुरू करनी चाहिए। अदालत से मांग की गई है कि सरकार वांगचुक से बातचीत करे और जरूरत पड़ने पर फोर्स-फीडिंग की अनुमति दी जाए।



### सोनम वांगचुक बोले- 20 जुलाई को तैयार रहें

सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल 19वें दिन भी जारी है। लंबे समय से जारी इस हड़ताल के कारण उनका वजन 9 किलोग्राम से अधिक घट गया है। डॉक्टरों की टीम उनकी शारीरिक स्थिति पर लगातार निगरानी रख रही है। उन्होंने अपनी मांगों पर कार्रवाई न होने तक हड़ताल जारी रखने की बात कही है। कुछ देर में उनके स्वास्थ्य की फिर से जांच की जाएगी। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है। उन्होंने कहा कि उनकी हालत बहुत अच्छी नहीं है, लेकिन बहुत खराब भी नहीं है।



# मानसून सत्र से पहले कांग्रेस का मंथन, जुटेगा शीर्ष नेतृत्व



**नई दिल्ली।** मानसून सत्र से पहले कांग्रेस अपनी संसदीय रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए बड़ी बैठक करने जा रही है। यह बैठक दिल्ली में कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास पर होगी। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और रणनीतिकार शामिल होंगे।

सूत्रों के अनुसार, संसद के आगामी मानसून सत्र में केंद्र सरकार को किन मुद्दों पर घेरना है, इस पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके अलावा संसद के भीतर और बाहर पार्टी की रणनीति, विपक्षी दलों के साथ समन्वय, विभिन्न राजनीतिक और राष्ट्रीय मुद्दों तथा जनता से जुड़े विषयों पर भी व्यापक मंथन होगा। कांग्रेस इस बात पर भी विचार करेगी कि सदन में किन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाए और सरकार को किस तरह घेरा जाए।

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कुल 19 बैठकें (सिटिंग्स) प्रस्तावित हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के अनुसार, इस सत्र में राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा, बहस और विधायी कार्य होंगे।

इस सत्र में सरकार कई महत्वपूर्ण विधेयकों को पेश या आगे बढ़ा सकती है। इनमें सबसे अधिक चर्चा परिसीमन (डिलिमिटेशन) विधेयक, महिला आरक्षण से जुड़े संवैधानिक संशोधन, और 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से जुड़े प्रस्तावों की है। इसके अलावा कुछ अन्य लंबित संवैधानिक संशोधन और प्रमुख विधेयकों पर भी सरकार आगे बढ़ सकती है।

बैठक में प्रस्तावित परिसीमन (डिलिमिटेशन) विधेयक पर भी चर्चा होने की संभावना है। कांग्रेस इस मुद्दे पर अपना स्पष्ट रुख तय करने के साथ-साथ संसद में प्रभावी रणनीति बनाने की तैयारी करेगी, ताकि मानसून सत्र के दौरान विपक्ष एकजुट होकर सरकार के सामने अपने मुद्दों को मजबूती से रख सके।

### सांसदों के लिए सख्त एडवाइजरी

## संसद भवन में धरना-प्रदर्शन और तख्तियां लहराने पर रोक

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसकी तैयारी अभी से शुरू हो गई है। मानसून सत्र के लिए सांसदों को सख्त गाइडलाइन जारी की गई है। लोकसभा सचिवालय ने सांसदों को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन, धरना, नारेबाजी, तख्तियां लहराने, हथियार लेकर आने और धार्मिक अनुष्ठान करने से बचने की सलाह दी है। सांसदों को यह एडवाएजरी दी गई है कि वे सत्र के दौरान संसद परिसर में स्मार्ट वॉच (स्मार्ट घड़ियों) या स्मार्ट चश्मों का इस तरह से उपयोग न करें जिससे संसद सदस्यों की सुरक्षा, विशेषाधिकारों और निजता से कोई समझौता हो।

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त तक चलेगा। लोकसभा सचिवालय ने अलग-अलग संसदीय बुलेटिन में यह भी कहा है कि उसके संज्ञान में आया है कि पोस्टर, तख्तियों और बैनरों पर एआई से तैयार किए गए चित्र, तस्वीरें और आपत्तिजनक प्रकृति के नारे प्रदर्शित किए जा रहे हैं। सचिवालय ने सदस्यों से सत्र के दौरान संसद परिसर में इस तरह की गतिविधियों से बचने की अपील की है। सचिवालय ने एक बुलेटिन में कहा, 'सदस्यों से अनुरोध है कि वे संसद भवन के प्रवेश द्वारों के सामने विरोध-प्रदर्शन या धरना आयोजित न करें, क्योंकि इससे सदनों की बैठक के दौरान सांसदों के संसद कक्षों तक आने-जाने में गंभीर बाधा उत्पन्न होती है। इस संबंध में सदस्यों का ध्यान लोकसभा अध्यक्ष के निर्देश 124ए(2) की ओर आकर्षित किया जाता है। संसद भवन के प्रवेश द्वारों को बैरियर फ्री रखना सांसदों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक है।

## अमेरिका में भारतीय मूल के शख्स पर चाकू से हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वैली फेयर मॉल में दोपहर में हुए एक क्रूर हमले में भारतीय मूल के एक मुस्लिम कर्मचारी को चाकू के कई घावों के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में जारी किए गए अदालती दस्तावेजों के मुताबिक, संदिग्ध ने पुलिस के सामने साफ रूप से कबूल किया है कि वह पीड़ित की हत्या उसके इस्लामी धर्म के कारण करने का प्रयास कर रहा था। संदिग्ध की पहचान 48 वर्षीय पीटर माइकल लार्सन के रूप में हुई है। आरोप है कि उसने सोमवार शाम को एक मॉल के स्टॉल पर पीड़ित सैयद सोहेल उद्दीन से संपर्क किया। हमला करने से पहले, लार्सन ने कर्मचारी से उसकी पहचान के बारे में पूछताछ की। लूना नुनेज, जो बाद में अस्पताल में पीड़ित से मिलने गई थीं। उनके अनुसार, बातचीत तनावपूर्ण सवालों से शुरू हुई।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमला, 3 की मौत, 34 घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए 2 अलग-अलग आतंकी हमलों में 3 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, जबकि 34 लोग घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, एक हमला लोअर दीर जिले में पुलिस काफिले पर किया गया, जबकि दूसरा हमला बन्नू जिले के मिरयान पुलिस स्टेशन को निशाना बनाकर किया गया। दोनों घटनाओं के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। पहली घटना लोअर दीर जिले में हुई, जहां आतंकियों ने पुलिस के एक काफिले पर हैंड ग्रेनेड और ऑटोमैटिक हथियारों से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, हमला हैदर क्षेत्र के लादम टॉप के पास उस समय हुआ, जब पुलिस का काफिला वहां से गुजर रहा था। आतंकियों ने पहले पुलिस के काफिले पर हैंड ग्रेनेड फेंके और इसके बाद भारी गोलीबारी शुरू कर दी। इस हमले में 3 पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 19 पुलिसकर्मी घायल हो गए।

## होर्मुज में टकराव चरम पर! अमेरिकी नाकाबंदी और ईरान की चेतावनी से गहराया संकट

**दुबई, संयुक्त अरब अमीरात।** स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने की कोशिश कर रहे जहाजों पर ईरान के हमलों के जवाब में जहां अमेरिका ने एक बार फिर ईरान के खिलाफ नौसैनिक नाकाबंदी लागू कर दी है वहीं एयर स्ट्राइक का अभियान भी तेज कर दिया। इस दौरान एयर स्ट्राइक में ईरान के सात सैनिकों के मारे जाने और 260 से ज्यादा के घायल होने की खबर है। ईरानी अधिकारियों ने इस हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि अमेरिकी हमलों में ईरान की सेना की एक बैरक पर निशाना साधा गया। वहीं ईरान ने मिडिल ईस्ट से एनर्जी एक्सपोर्ट को रोकने की धमकी दी है। इससे एक बार फिर वैश्विक ऊर्जा संकट गहराता हुआ नजर आ रहा है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक इस घंटे तक चले अमेरिकी अभियान में ईरान के कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इनमें सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में 388वीं मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री ब्रिगेड की बैरक भी शामिल है। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक इस हमले में कम से कम सात सैनिक मारे गए, जबकि देशभर में 260 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हाल के दिनों में कुल 30 से अधिक लोगों की मौत होने का भी दावा किया गया है। उधर, ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए बहरीन, कुवैत और जॉर्डन की दिशा में मिसाइल और ड्रोन दागे। इन देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं। जॉर्डन ने दावा किया कि उसने तीन मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया। दरअसल, अमेरिका ने सबसे पहले अप्रैल में ईरान के खिलाफ नाकेबंदी लागू की थी और फिर पिछले महीने अंतरिम समझौते पर साइन करने के बाद इसे हटा लिया था। इस समझौते से लड़ाई रुकी थी और ईरान के परमाणु कार्यक्रम जैसे मुद्दों पर बातचीत के लिए 60 दिन का समय तय किया गया था।

# असम में 99 गांव डूबे, अरुणाचल में 1 लाख लोग बाढ़ में फंसे

## यूपी-बिहार के 18 जिलों में भारी बारिश, एमपी के 35 जिलों में सूखा



**नई दिल्ली।** यूपी के 10 और बिहार के 8 जिलों में भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर और उन्नाव समेत यूपी के 36 जिलों में बारिश का अलर्ट भी जारी किया है।

अरुणाचल प्रदेश में पिछले 24 घंटों में बाढ़, लैंडस्लाइड और बारिश से 1.02 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। अब तक 7 लोगों की मौत हुई है और 29 घायल हुए हैं। वहीं, असम के 6 जिलों के 99 गांव बाढ़ की चपेट में हैं, जहां 37,032 लोग प्रभावित हैं। ओडिशा के पुरी में गुरुवार को रथयात्रा के दौरान भी भारी बारिश हो रही है। वहीं, मध्य प्रदेश में जबलपुर, रीवा, सागर-शहडोल समेत प्रदेश के 35 जिलों में सूखे जैसे हालात हैं। नेपाल के सूनसरी के पुलिस उप अधीक्षक चंद्र बहादुर खड़का के मुताबिक, बुधवार रात कोशी बैराज पर पानी का बहाव 1,63,230 क्यूसेक पहुंच गया।

अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर पूर्वी नेपाल में बारिश जारी रही, तो पानी का बहाव और अधिक बढ़ सकता है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए बैराज के 56 गेटों में से 21 गेट खोल दिए गए हैं। कोशी बैराज नेपाल और भारत के पड़ोसी क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण बाढ़-नियंत्रण संरचना है। कोशी बैराज कंट्रोल रूम ने बताया कि जब नदी का बहाव 1,50,000 क्यूसेक से अधिक हो जाता है, तो सुरक्षा प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिए जाते हैं। इसके तहत खतरे का संकेत देने और आसपास के लोगों को अलर्ट करने के लिए बैराज पर लाल बत्तियां जलाई जाती हैं और लाल झंडे फहराए जाते हैं। भारी बारिश के बाद वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण नदी का प्रवाह काफी तेज हो गया है, जिससे घाटों की सीढ़ियां पानी में डूबने लगी हैं।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।** प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindianni@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
गुरुवार, 16 जुलाई, 2026


# एक्सप्रेस वे पर डबल डेकर बस खाई में गिरी, छह घायल






एनएनआई

**फतेहाबाद।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर थाना फतेहाबाद क्षेत्र में गुरुवार तड़के एक डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए करीब 15-20 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में छह यात्री घायल हो गए, जबकि बस में सवार लगभग 60 अन्य यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

जानकारी के अनुसार, लखनऊ से दिल्ली जा रही बस सुबह करीब 4 बजे एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 35.500 पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। प्रारंभिक जांच में चालक को नींद की झपकी आने के कारण बस के अनियंत्रित होने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि बस पहले एक अज्ञात वाहन से टकराई और फिर खाई में उतर गई। राहत की बात यह रही कि बस पलटी नहीं, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

सूचना मिलते ही थाना फतेहाबाद पुलिस और यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची। बचाव अभियान चलाकर बस में फंसे सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फतेहाबाद में भर्ती कराया गया। वहीं अन्य यात्रियों के लिए दुसरी बस की व्यवस्था कर उन्हें उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

घायलों में रायबरेली के बछरावां निवासी अंकित यादव, एटा के पिलुआ निवासी हर्ष भारद्वाज, गोंडा निवासी आयुष मिश्रा तथा दिल्ली निवासी खालिद और सिद्धार्थ सहित कुल छह लोग शामिल हैं।

थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी घायलों का उपचार कराया जा रहा है और सुरक्षित यात्रियों को टोल प्लाजा-21 तक पहुंचाकर आगे की व्यवस्था की गई।

### मथुरा में दर्दनाक हादसा

# स्कूल बस से उतर रहे कक्षा दो के छात्र की मौत

एनएनआई



**मथुरा।** थाना जैत क्षेत्र के गांव राल पर स्कूल बस की चपेट में आने से कक्षा दो के छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने कॉलेज परिसर में जमकर हंगामा और तोड़फोड़ की।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पेलखू निवासी नितिन पुत्र गंगदेव राल स्थित तिलक सिंह इंटर कॉलेज में गुरुवार सुबह बस से पढ़ने आया था। बस चालक नशे की हालत में बताया गया। छात्र ठीक से बस से उतर भी नहीं पाया। चाली ने बस आगे बढ़ा दी। स्कूल बस ने उसे कुचल दिया। गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक बस लेकर फरार हो गया, जिससे ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण कॉलेज पहुंच गए और गुस्से में कॉलेज के मुख्य गेट, खिड़कियों के शीशे समेत अन्य संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। सूचना पर थाना जैत पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराने का प्रयास शुरू किया। स्थिति तनावपूर्ण होने पर चौकी पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस बल भी बुला लिया।

पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देकर समझाने का प्रयास किया। मौके पर पुलिस बल तैनात था और माहौल को सामान्य बनाने की कोशिश जारी थी। वहीं पुलिस फरार बस चालक की तलाश में जुट गई है। छात्र के शव को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### फिरोजाबाद में 11 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा

# डिजिटल अरेस्ट गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

एनएनआई





**फिरोजाबाद।** पुलिस ने 11 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर ठगी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी डिजिटल अरेस्ट और शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लोगों को झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करते थे। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

साइबर क्राइम के नोडल अधिकारी राजेश गुनावत ने बताया कि नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर मिली शिकायतों के आधार पर तकनीकी विश्लेषण और गहन जांच के बाद यह कार्रवाई की गई। साइबर ठगी में शामिल नेटवर्क को चिन्हित कर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

रसूलपुर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार के अनुसार, जांच के दौरान जुबैर खान निवासी मोहल्ला हुसैनी, हाल निवासी जमालपुर थाना मटसेना का नाम सामने आया। पुलिस ने मंगलवार रात भारत टॉकीज के निकट सर्विस रोड से जुबैर खान को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक मोबाइल फोन, चार बैंक पासबुक, तीन एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड और 5,123 रुपये नकद बरामद हुए।

जुबैर के साथ सैफ अली, मोहम्मद जैद, मौरिस और मोहम्मद हसन भी इस गिरोह में शामिल बताए गए हैं। जांच में पता चला कि साइबर ठगी से प्राप्त 19 लाख रुपये विभिन्न बैंक खातों से निकाले गए थे, जबकि आईसीआईसीआई बैंक में 14 लाख रुपये की राशि होल्ड कराई गई है। गिरफ्तार आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ तमिलनाडु, तेलंगाना और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों में 12 साइबर अपराध के मुकदमे दर्ज हैं। शुरूआती जांच में गिरोह द्वारा 11 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की पुष्टि हुई है। उधर, अरांव थाना पुलिस ने लखीमपुर खीरी निवासी एक व्यक्ति से 22 हजार रुपये की साइबर ठगी के मामले में जोगेंद्र बाबू उर्फ योगेंद्र निवासी बझेरा बुजुर्ग को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन और 220 रुपये नकद बरामद हुए। इस मामले में नामजद दूसरे आरोपी राम किशोर निवासी ग्राम कोसोन, थाना घिरोर (जनपद मैनपुरी) की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। इसके अतिरिक्त, थाना उत्तर और थाना दक्षिण पुलिस ने भी अभियान के तहत चार-चार संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



# तेजी से बढ़ने लगा यमुना का जलस्तर

### केशीघाट की सीढ़ियों पर पहुंचा पानी, लोगों में होने लगी हलचल

**वृंदावन** एनएनआई। पहाड़ों पर हो रही बारिश के बाद अब हथिनीकुंड बैराज से यमुना जल छोड़ दिया गया है। ऐसे में यमुना में लगातार जलस्तर में वृद्धि हो रही है। एक ही दिन में 57 सेमी यमुना जलस्तर वृद्धि हुई। सोमवार को जलस्तर जहां 163.90 था, वहीं मंगलवार को यह 164.47 पर जा पहुंचा। ऐसे में तटीय क्षेत्रों में बसे लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। पिछले वर्ष यमुना के जलस्तर ने यमुना किनारे खादर की दो दर्जन कालोनियों, परिक्रमा मार्ग समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों को अपने आगोश में ले लिया था। इसी लिए एकबार फिर तटीय लोगों की रात की नींद उड़ गई है, उन्हें भय सताने लगा है कि रात में सोते हुए उनके घरों के आसपास यमुना का पानी न पहुंच जाए। पहाड़ों पर हो रही मूसलाधार बारिश अब मैदानी क्षेत्रों के लिए मुसीबत बनती जा रही है।

Gmail newsnextindia1@gmail.com

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

न्यूज नेक्स्ट इंडिया


## नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, अस्पताल में छोड़कर भाग गया पति



एनएनआई

**आगरा।** थाना जगनेर के सिंगाइच गांव में नव विवाहिता की ससुराल में संदिग्ध अवस्था में मृत्यु हो गई। ससुराल पक्ष उन्हें लेकर एसएन मेडिकल आया। चिकित्सकों के मृत घोषित करने पर पति मौके से भाग गया। मायके पक्ष ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


जगनेर के भारा गांव निवासी सोनू परिहार की बेटी अन्नू की शादी 29 नवंबर 2025 को सिंगाइच गांव निवासी धर्मेंद्र से हुई थी। अन्नू की बुआ प्रियंका ने बताया कि धर्मेंद्र ट्रेन में पैंट्रीकार में काम करता है। अन्नू की मां नहीं हैं वह अपना हर सुख-दुख उनसे ही बताती थी। उसने बताया था कि शादी के बाद से ही ससुराल में अतिरिक्त दहेज में 6 लाख रुपये की मांग की जा रही थी। इसके लिए उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। दो दिन पूर्व अन्नू ने कॉल कर प्रताड़ना की जानकारी दी थी। इसके बाद पिता और चाचा ससुराल गए थे। बातचीत कर समझौता कराया था। बुधवार सुबह 7 बजे अन्नू का कॉल आया था। उसने ससुराल में पिटाई की जानकारी दी थी और घर ले जाने के लिए कहा था। एक घंटे बाद उन्होंने दोबारा कॉल की तो अन्नू का कॉल रिसीव नहीं हुआ। उसके पति समेत ससुराल के अन्य लोगों को कॉल लगाया पर किसी ने नहीं उठाया। उसके गांव के ही व्यक्ति ने कॉल कर बेटी की हत्या की जानकारी दी। वह परिजन के साथ भतीजी की ससुराल पहुंची तो वहां ताला लगा था। गांव के लोगों से बात करने पर ससुराली अलग-अलग जगह बुला रहे थे।सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी। इसके बाद भतीजी का शव एसएन मेडिकल कॉलेज में होने की सूचना मिली। वहां पहुंचे तो भतीजी का पति धर्मेंद्र भाग चुका था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन ने पति, ससुर, जेठ, जेठानी और दो ननद पर दहेज प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाया है। डीसीपी पश्चिमी आदित्य कुमार ने बताया कि सूचना पर पुलिस पहुंची थी। ससुराल में फोरेंसिक टीम ने जांच की है। शव की भी जांच की गई है। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट और परिजन की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लोहामंडी में मकान का छज्जा गिरने से महिला की मौत

### तीन अन्य लोग हुए घायल, हादसे से इलाके में मची अफरातफरी

एनएनआई

**आगरा।** लोहामंडी थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम दर्दनाक हादसे में एक महिला की मौत हो गई। निर्माणाधीन छज्जे ढहने से 4 लोग दब गए। 3 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। घटना बुधवार देर शाम लोहामंडी के कटघर की है। यहां की निवासी 50 वर्षीय मुन्नी देवी किसी काम से शाम को घर से बाहर गई थीं। लौटते में घर से थोड़ी दूर मानसी लाल के निर्माणधीन मकान के नीचे रुक गईं। यहां उनके साथ मानसी के परिवार की एक महिला से छज्जे के नीचे खड़े होकर बातचीत करने लगीं। हादसे की 2 तस्वीरेंड्ड निर्माणाधीन छज्जे के ऊपर एक महिला तथा एक मजदूर काम रहे थे। इसी दौरान छज्जे भरभराकर गिर गया। मलबे में चारों दब गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। इस बीच 3 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आसपास के लोगों ने मलबा हटाकर मुन्नी देवी को भी बाहर निकाल लिया। मगर, वे होश में नहीं थीं। आनन-फानन में उन्हें इमरजेंसी ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया।





घटना की सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इधर, मृतका के बेटे दीपक का कहना है कि उनकी मां शाम को बाजार गई थीं। काफी देर तक जब वे घर नहीं लौटीं तो उनकी तलाश शुरू हुई। बाद में छज्जा गिरने की घटना की जानकारी हुई। मौके पर पहुंचे तो मुन्नी देवी होश में नहीं थीं। बताया जा रहा है कि जिस घर का निर्माणधीन छज्जा ढहा, वह मकान भी काफी जर्जर है।

## एक हजार किलो घी सीज, डेयरी बंद कर भागे संचालक

एनएनआई

**आगरा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) लखनऊ की टास्क फोर्स ने आगरा के कागरौल के नगला हीरा सिंह में दो डेयरी पर छापा मारा। यहां गंदगी में दूध से उत्पाद बनाए जा रहे थे। मिलावट की आशंका पर 10.50 क्विंटल घी को जब्त कर लिया है। जांच के लिए तीन नमूने लैब भेज दिए हैं। संचालक को नोटिस दिया है।

सहायक आयुक्त खाद्य लखनऊ रामअवतार सिंह ने बताया कि मुख्यालय स्तर से नगला हीरा सिंह स्थित खान और महबूब डेयरी पर छापा मारने का लक्ष्य मिला। इस पर टीम ने सुबह करीब 10 बजे महबूब डेयरी और खान डेयरी पर छापा मारा। इन दोनों डेयरी के संचालक महबूब खान हैं। इनके पास इनका लाइसेंस भी है। दोनों डेयरी पर गंदगी थी और इसी के बीच घी-पनीर समेत अन्य दूध उत्पाद तैयार किए जा रहे थे। खान डेयरी के निरीक्षण में दो टैंकर में दूध भरा हुआ था। इनमें करीब दो हजार लीटर दूध भरा हुआ था। इसकी विभिन्न डेयरी पर आपूर्ति की जाती है। इसके दो नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेज दिए हैं। महबूब डेयरी में घी तैयार किया जा रहा था। पनीर नहीं मिला। यहां भी गंदगी मिली। ड्रम में घी भरा हुआ था, इनमें मिलावट की आशंका होने पर इसे सीज कर दिया है। इसका वजन 10.50 क्विंटल है। इसकी कीमत करीब छह लाख रुपये है। घी का नमूना भी जांच के लिए लैब भेज दिया है। गंदगी मिलने पर साफ-सफाई के लिए नोटिस भी दिया है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय आगरा महेंद्र श्रीवास्तव का कहना है कि ये कार्रवाई लखनऊ स्तर से हुई है। ये प्रदेश भर में चल रही है।

**वैधानिक सूचना**

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

## बीसी के हिसाब-किताब के विवाद में मौतः मुख्य आरोपी समेत तीन गिरफ्तार, जेल भेजे गए

एनएनआई

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के भगवती बाग में बीसी के रुपये के हिसाब-किताब के विवाद में खराद मैकेनिक दिनेश शर्मा की मौत के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी उदय अग्रवाल उर्फ पुल्ली, उसके बेटे लखन और आकाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को सोमवार को मुखबिर की सूचना पर टेढ़ी बगिया बस स्टैंड के पास से दबोचा।

मृतक दिनेश शर्मा के बेटे शिवम शर्मा की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में आरोप है कि उदय अग्रवाल ने रुपये के लेन-देन और हिसाब-किताब के बहाने दिनेश शर्मा को अपने घर बुलाया था। वहां उदय और उसके दोनों बेटों ने उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के बाद गंभीर हालत में उन्हें गली के बाहर फेंक दिया गया। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां



चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया था।

परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और आरोपियों की गिरफ्तारी तक अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। पुलिस अधिकारियों के आश्वासन और मुकदमे में अन्य नाम शामिल किए जाने के बाद करीब 15 घंटे बाद अंतिम संस्कार कराया गया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण हृदयाघात बताया गया है। हालांकि परिजनों के आरोप, घटनास्थल से मिले साक्ष्य और अन्य तथ्यों के आधार पर दर्ज मुकदमे की विवेचना जारी है। पुलिस का कहना है कि विवेचना और विधिक राय के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस आयुक्त के निर्देश पर गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि मुख्य आरोपी उदय अग्रवाल उर्फ पुल्ली के खिलाफ पहले से भी हत्या का मुकदमा दर्ज है और उसका आपराधिक इतिहास रहा है।

## आरपीएफ-डिप्टी एसएस मारपीट कांड पहली बड़ी कार्रवाई, वायरल वीडियो के आधार पर तीन आरोपी गिरफ्तार

एनएनआई

**आगरा।** आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और डिप्टी स्टेशन अधीक्षक (डिप्टी एसएस) के बीच हुए मारपीट प्रकरण में जीआरपी ने पहली बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वायरल वीडियो और स्टेशन परिसर के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई।



जीआरपी के अनुसार गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी बाहरी हैं और उन पर डिप्टी एसएस के साथ मारपीट करने तथा उन्हें घसीटने का आरोप है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

इस मामले में जीआरपी ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 121(1) के तहत कार्रवाई की है। वहीं घटना में शामिल अन्य आरोपियों, जिनमें कुछ आरपीएफ कर्मियों के नाम भी सामने आए हैं, उनकी भूमिका की जांच जारी है। जीआरपी का कहना है कि वायरल वीडियो, सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

NNI हर खबर पर पक्की नजर

पत्रकारिता हमारा धर्म निष्पक्षता हमारी पहचान

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा

www.nnindianews.com

गुरुवार, 16 जुलाई, 2026



# डीएम ने एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम का किया निरीक्षण

**निर्माणाधीन कार्यों का लिया जायजा, संबंधित अधिकारी को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

एनएनआई



**आगरा।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम का औचक निरीक्षण कर परिसर में संचालित निर्माण एवं नवीनीकरण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों से संबंधित अभिलेख तलब किए तथा संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्यों, विद्युत उपकरणों, आर्किटेक्ट एवं ठेकेदार को किए गए भुगतान आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने जिम सहित स्टेडियम की विभिन्न खेल सुविधाओं एवं भवनों का निरीक्षण किया। परिसर में खुले विद्युत तार पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने सभी खुले तारों को सुरक्षित रूप से भूमिगत कराने के निर्देश दिए। साथ ही खराब लाइट, प्लास्टर, पंखे एवं दरवाजों को तत्काल दुरुस्त कराने तथा आवश्यकतानुसार बदलने के निर्देश दिए। महिला एवं पुरुष शौचालयों में फिनिशिंग का कार्य अधूरा पाए जाने पर जिलाधिकारी ने इसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। टेबल टेनिस हॉल की दीवारों में सीलन तथा पेंटिंग कार्य अधूरा मिलने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने सभी कमियों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से दूर कराने को कहा। उन्होंने फर्श में निर्धारित मानक एवं उच्च गुणवत्ता की टाइल्स तथा अन्य निर्माण सामग्री का ही प्रयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# फेम ने चीफ इंजीनियर को बताई विद्युत आपूर्ति की समस्याएं

**विद्युत सममस्या का समाधान नहीं हुआ, तो सौंप देंगे फेक्ट्रियो की चाबी**



**आगरा (एनएनआई)।** फेम के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती के नेतृत्व में सिकंदरा इंडस्ट्रियल एरिया के उद्यमियों ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के चीफ अभियंता कपिल सिंदवानी के साथ बैठक की बैठक में अजय कुमार (अधिशासी अभियंता) एवं सचिन गुप्ता (अधिशासी अभियंता) भी रहे। बैठक में उद्यमियों का आक्रोश झलक रहा था। फेम के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि विभाग विधुत आपूर्ति एवं समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आगामी मंडलीय उद्योग बंधू की मीटिंग में सामूहिक रूप से उद्यमी अपनी अपनी फेक्ट्रियो कीं चाबी मंडलायुक्त को सौंप देंगे। फेम के महामंत्री ने बिजली जाने पर उद्यमियों को दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम क्षतिपूर्ति का भुगतान करे। बैठक में मुकेश अग्रवाल, फेम के जिलाध्यक्ष राजेश खुराना, बालकिशन अग्रवाल, आलोक गुप्ता, दुलीचंद, पी के शर्मा, शहाबुद्दीन, राकेश खेत्रपाल, कपिलगोयल, नरेश अग्रवाल, राहुल मदान, संजय गोयल, दीपक अग्रवाल, राजेश श्रॉफ, प्रदीप वासन आदि उपस्तिथ रहे।

# पूर्व मंत्री, छावनी विधायक जी.एस. धर्मेश ने मनाया जन्मदिन

**कुष्ठ आश्रम में सेवा कार्य से दिन की शुरूआत**



एनएनआई

**आगरा।** 70 वें जन्मदिन के अवसर पर छावनी विधानसभा से विधायक डॉक्टर जी.एस धर्मेश ने सुंदर कांड पाठ कर प्रभु श्री राम से आशीर्वाद लिया,भजन संध्या और आरती से सभी के कल्याण की कामना की। विधायक ने दिन की शुरूआत ताजगंज स्थित कुष्ठ आश्रम में सेवा कार्य से की, जहां कुष्ठ रोगियों को दैनिक उपयोग के सामान दिए। रमाना ग्रैंड प्रतापपुरा पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल, राज्यसभा सांसद नवीन जैन, भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, एम.एल.सी विजय शिवहरे,विधायक पुरषोत्तम खंडेलवाल, बीना लवानिया, हेमेंद्र शर्मा, महेश शर्मा नीतेश शिवहरे, मीडिया प्रभारी रोहित कत्याल सहित भारतीय जनता पार्टी आगरा महानगर के हजारों कार्यकर्ता, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों आदि ने हनुमान जी की गदा,तलवार,पगड़ी,पुष्पगुच्छ,दुपट्टे,बड़ी पुष्प माला आदि से 70 वे जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की। पाठ,भजन संध्या, प्रसादी,स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल, राज्यसभा सांसद नवीन जैन,एम एल सी विजय शिवहरे, भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, विधायक पुरषोत्तम खंडेलवाल, श्रीमती बीना लवानिया, हेमेंद्र शर्मा, महेश शर्मा, नीतेश शिवहरे, विवेक धर्मेश, रोहित कत्याल, राजेश गोयल, देवकी नंदन सोन, डॉक्टर निधि शर्मा, अनिल सारस्वत,बॉबी लाले, प्रवीण जैन, स्वीटी कालरा, श्याम राव, संजीव चौबे, गौरव राजावत, अंजू गर्ग, माधुरी माहोर, अशोक अग्रवाल, विजय बंटी, विवेक लोधी, मनीष अग्रवाल, जय सिंह सरदारा,सिंधु गुप्ता, हेमा चौहान,रेखा नागपाल, सुनीता झा आदि उपस्थित रहे।

# श्रीजगन्नाथ मंदिर में सजा फूल बंगला और छप्पन भोग

**पुष्टीमार्गीय कीर्तन में हवेली संगीत पर गूंजे सूरदास व चतुर्भुज दास जैसे कवियों के दोहे व पद**

एनएनआई

**आगरा।** कीर्तन का आनन्द हर ओर भक्ति बिखरे श्रद्धा के रंग। केले के तनों पर आकर्षिक नक्काशी और शुभ पत्र अशोक व आम के साथ बेला, मोगरा, गुलाब और कमल पुष्पों से सजा श्रीहरि का मंदिर। जगमग रोशनी बिखेरती झालरें और इस भक्तिमय व नन्दायी वातावरण के बीच जरी से धागों से सजी हल्की बैंगनी पोशाक से श्रंगारित होकर सिंहासन पर विराजमान श्रीजगन्नाथ जी। साथ में बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र शोभा को और विस्तार दे रहे थे। श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव के अंतर्गत शहर के इस्कॉन मंदिर में छप्पन भोग



और भव्य फूल बंगला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीजगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ अलौकिक श्रृंगार में विराजमान हुए। भगवान को जरी के धागों से सजी हल्की बैंगनी रंग की आकर्षक पोशाक पहनाई गई, जिसने भक्तों का मन मोह लिया। इस अवसर पर भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अमित गोयल, कामता प्रसाद अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, अशु मित्तल, संजीव बंसल, सुधीर अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, रामू फतेहपुरिया, शैलेश बंसल, दीपक प्रहलाद अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, संजय कुकरेजा, विकास बंसल (लड्डू भाई), रमेश यादव, विपिन अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, राजेश उपाध्याय, अदिति गौरांगी, अंशुल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# विद्युत विभाग पर व्यापारियों ने लगाया उत्पीड़न आरोप

**आगरा (एनएनआई)।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल जिलाधिका मनीष बंसल ने मिलकर विद्युत विभाग द्वारा हो रहे उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मांग पत्र सौंपा। उन्होंने मांग पत्र के माध्यम से बताया कि वर्तमान में बिजली विभाग द्वारा लगातार नए-नए नियम बनाकर उपभोक्ताओं का आर्थिक उत्पीड़न किया जा रहा है। बिजली की बढ़ती महंगाई के कारण प्रदेश के उद्योग व व्यापार पड़ोसी राज्यों में पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। इससे आने वाले समय में प्रदेश सरकार को राजस्व की भारी हानि उठाना तय है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की कि बिजली मीटर के दामों में बेतहाशा वृद्धि की वापसी की जाए। महानगर अध्यक्ष नरेश पांडेय ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा 2 किलोवाट तक के कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के लिए मीटर के दाम 750/- रुपये से बढ़ाकर सीधे 5300/- रुपये कर दिए गए हैं। यह वृद्धि पूरी तरह से अनुचित और आम जनता व छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ है। इस बढ़ी हुई राशि को तत्काल वापस लिया जाए।




47 लाख उपभोक्ताओं का लोड एकतरफा बढ़ाने के साथ-साथ विभाग द्वारा नई दरों से अतिरिक्त सिक्योरिटी मनी मांगी जा रही है। इसका अरबों रुपये का सीधा आर्थिक भार उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ेगा। जनहित को ध्यान में रखते हुए इस एकतरफा आर्थिक वसूली को तुरंत समाप्त करने के आदेश दिए जाएं। ज्ञापन देने वालों में महानगर अध्यक्ष नरेश पांडेय,महानगर कोषाध्यक्ष सुरेश लवानिया,अरुण गुप्ता, भरत मित्तल, रामकुमार अग्रवाल, प्रिंस जैन, मोनू जैन,पंकज अग्रवाल,वीरेन्द्र सिंह पिप्पल, निशा चौधरी, रवि गोयल,हाजी कदीर खान,पंकज मिश्रा,कुतुब मलिक, सगीर खान, बाबर खान, नसीम खान, बॉबी भाई,दिनेश सिंह आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# पूर्व पार्षद विमल गुप्ता बल्केश्वर मेला समिति के अध्यक्ष निर्वाचित

## क्षेत्र के निवासियों की वृहद बैठक में सर्व सम्मति से हुआ निर्वाचन

एनएनआई



**आगरा।** बल्केश्वर के प्राचीन मेला को व्यवस्थित और शानदार तरीके से आयोजित करने के लिए क्षेत्रीय नागरिकों की एक वृहद बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूर्व पार्षद विमल गुप्ता को बल्केश्वर मेला समिति का अध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। सकारात्मक भवन, पार्वती घाट, बल्केश्वर पर आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता पूर्व पार्षद डा.अशोक अग्रवाल ने की। इस अवसर पर कमेटी की निवर्तमान अध्यक्ष ममता शर्मा ने विमल गुप्ता के अध्यक्ष पद का नाम प्रस्तावित किया। जिसका सभी ने समर्थन किया और उन्हें अध्यक्ष चुन लिया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बल्केश्वर महादेव मंदिर का यह मेला काफी प्राचीन है और इसका अध्यक्ष इसी क्षेत्र का होना चाहिए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विमल गुप्ता ने अध्यक्ष चुने जाने पर आभार व्यक्त किया और कहा कि वे बल्केश्वर के विकास और उसकी परंपराओं को कायम रखने के लिए समर्पित हैं। मेला भी बाबा बल्केवर नाथ की छत्रछाया में आयोजित होगा, इस कमेटी में सभी वर्ग और राजनीति के लोग शामिल हैं। कमेटी का शीघ्र ही विस्तार किया जाएगा। इस बैठक में आदर्श नंदन गुप्ता, पूर्व पार्षद अनिलकांत मिश्रा, वीके अग्रवाल, कपूरचंद रावत,मुकेश शर्मा,चन्द्रेश अग्रवाल, ऋषि अग्रवाल,प्रवीण लवानिया पिंकी,कुमकुम उपाध्याय, आशा अग्रवाल संतोष गुप्ता, मधुसूदन भट्ट, चन्द्रभान कहरवार दीपक वर्मा. विनीता गोयल नरेंद्र सिंघल आर्य, अनिल चतुर्वेदी अनिल कांत मिश्रा,अनु शुक्ला अरविन्द शर्मा,मनोज अग्रवाल शैलू गौतम,बॉबी जोनई सभी उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में नवनियुक्त अध्यक्ष को सहयोग देने और मेले को भव्यता के साथ संपन्न कराने का संकल्प लिया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में गठित हुई पूर्व छात्र परिषद

## संस्कार, सेवा और सहयोग के संकल्प के साथ नए अध्याय का शुभारंभ




एनएनआई

**आगरा।** सरस्वती शिशु मंदिर, कमला नगर में पूर्व छात्र परिषद का गठन अत्यंत उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय एवं पूर्व छात्रों के बीच सेतु स्थापित कर शिक्षा, संस्कार और समाज सेवा के क्षेत्र में संयुक्त प्रयास करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व छात्र परिषद के जिला संयोजक प्रमोद गोयल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र उपाध्याय ने आए हुए अतिथियों का पटुका पहनाकर स्वागत किया और अतिथि परिचय कराया। अपने उद्बोधन में उन्होंने पूर्व छात्र परिषद के गठन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्व छात्र ही विद्यालय की पहचान हैं। यह परिषद वर्तमान छात्रों के मार्गदर्शन, विद्यालय के विकास और समाज में संस्कारों के प्रसार का सशक्त माध्यम बनेगी। इस अवसर पर जिला संयोजक प्रमोद गोयल ने उपस्थित सभी पूर्व छात्रों से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया। उन्होंने पूर्व छात्र परिषद के उद्देश्यों, दायित्वों और आगामी कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत परिषद के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। सर्वसम्मति से श्री नितिन अग्रवाल जी को सरस्वती शिशु मंदिर, कमला नगर इकाई का संयोजक मनोनीत किया गया।

# विश्व शांति और जनकल्याण के संकल्प के साथ नौ दिवसीय सप्तचंडी पाठ महायज्ञ का शुभारंभ



- विधिवत पूजन, कलश स्थापना के साथ आरंभ हुआ अनुष्ठान, नौ दिनों में होगा दुर्गा सप्तशती का 100 बार पाठ

एनएनआई

**आगरा।** आषाढ़ गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर खंदारी हनुमान चौराहा स्थित नालंदा प्राइड में सूर्यसुता फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय सप्तचंडी पाठ महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार, विधिवत पूजन एवं कलश स्थापना के साथ हुआ। विश्व शांति, राष्ट्र कल्याण तथा समस्त मानव समाज के मंगल की कामना को समर्पित इस महायज्ञ में नौ दिनों तक मां आदिशक्ति की विशेष आराधना की जाएगी।

संस्था के सचिव पुष्कल गुप्ता ने बताया कि बाबा बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के आदेशानुसार एवं योगी आलोक नाथ के मार्गदर्शन में यह अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है। महायज्ञ में विद्वान आचार्य अवनीश पांडे, सत्यम मिश्रा, मिथिलेश, भरत त्रिपाठी, प्रदीप चौबे, पवन त्रिपाठी, रंगम त्रिपाठी सहित आठ ब्राह्मण नौ दिनों में दुर्गा सप्तशती का 100 बार संपुटित पाठ करेंगे।

योगी आलोक नाथ ने बताया कि गुप्त नवरात्रि में किया जाने वाला संपुटित सप्तचंडी पाठ अत्यंत प्रभावशाली माना जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विश्व के अनेक देशों में युद्ध और अशांति का वातावरण बना हुआ है। ऐसे समय में मां भगवती की आराधना, चंडी पाठ और यज्ञ से विश्व शांति, सकारात्मक ऊर्जा तथा जनकल्याण की भावना को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि देवी महात्म्य में वर्णित सप्तचंडी पाठ केवल व्यक्तिगत सुख-समृद्धि का माध्यम नहीं, बल्कि समस्त सृष्टि के कल्याण का भी अनुष्ठान है।

उन्होंने बताया कि 20 जुलाई (सोमवार) को 101 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण एवं महारुद्राभिषेक किया जाएगा। वहीं 23 जुलाई को दुर्गा सप्तशती का दशांश महाहवन, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण के साथ महायज्ञ का समापन होगा।

# मंदिर के विकास और समाज सेवा का लिया संकल्प

## श्री 1008 चंद्र प्रभु दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में गरिमामय समारोह, बड़ी संख्या में जुटे समाज के लोग




**आगरा (एनएनआई)।** ट्रांस यमुना कॉलोनी स्थित श्री 1008 चंद्र प्रभु दिगंबर जैन पंचायती जैन मंदिर में नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों, महिला मंडल, नवकार वधू मंडल, युवाओं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। नवगठित कार्यकारिणी ने मंदिर के विकास, धार्मिक गतिविधियों के विस्तार और समाज सेवा के कार्यों को पूरी निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल एवं नवकार वधू मंडल द्वारा मंगलाचरण और भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति से हुआ। भजनों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। इसके बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत और सम्मान किया गया। शपथ ग्रहण के दौरान पदाधिकारियों ने समाज के विश्वास पर खरा उतरने, मंदिर की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को नई गति देने का संकल्प दोहराया। वक्ताओं ने कहा कि समाज की एकजुटता और सभी के सहयोग से मंदिर विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। नई कार्यकारिणी से समाज को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई गई।

नई कार्यकारिणी में चैतन्य स्वरूप जैन एवं प्रशांत जैन को संरक्षक, जितेंद्र कुमार जैन 'बंटी' को अध्यक्ष, सुबोध कुमार जैन को उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र कुमार जैन को महामंत्री, राजीव जैन को कोषाध्यक्ष, संदीप जैन को संयुक्त मंत्री, मोहित जैन को संगठन मंत्री, कमल जैन को मंदिर मंत्री, विप्लव जैन को प्रचार मंत्री, वैभव जैन को सांस्कृतिक मंत्री तथा सीए मनीष जैन आकाश जैन को ऑडिटर की जिम्मेदारी सौंपी गई। समारोह में पुष्पेंद्र जैन, अनंत भाई, सतीश कुमार, दिनेश बाबू, विजेंद्र जैन, कंचन जैन, नीलम जैन, पूजा जैन, संगीता जैन, शर्मिष्ठा जैन, सिद्ध शरण जैन, अमंता जैन, खुशबू जैन, प्रीति जैन, पारुल जैन, दर्पण जैन, स्नेहलता जैन, देवेंद्र जैन, राजीव जैन केसरी, पंकज जैन, ओम प्रकाश जैन, राजेश जैन, बबीता जैन सहित महिला इकाई ट्रांस यमुना और नवकार वधू मंडल की सदस्याएं तथा समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

## आवासीय परिसर के विद्यार्थियों के लिए काव्य लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के 92वें दीक्षांत समारोह के पूर्व आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत विश्वविद्यालय के संबद्ध महाविद्यालयों एवं आवासीय परिसर के विद्यार्थियों के लिए काव्य लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में निहित काव्य लेखन प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा उनकी रचनात्मक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करना था। प्रतियोगिता के लिए दो महत्वपूर्ण विषय निर्धारित किए गए थे– युवा : परिवर्तन का सूत्रधार तथा बदलते समय में मानवीय मूल्यों की प्रासंगिकता। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न संबद्ध महाविद्यालयों एवं आवासीय परिसर से लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने अपने ज्ञान, संवेदनशीलता, रचनात्मक सोच एवं काव्य लेखन कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए निर्धारित विषयों पर उत्कृष्ट रचनाएँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का सफल समन्वयन डॉ. रुचिरा प्रसाद द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में प्रो. मनुकांत शास्त्री, प्रो. विन्नी जैन, डॉ. गुंजन बंसल, डॉ. पूनम तिवारी, डॉ. रेखा शर्मा, डॉ. मीनाक्षी चौधरी, प्रेरणा कटयाल, मोहिनी तथा तपस्या सहित अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के उत्साह और रचनात्मक अभिव्यक्ति की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

### सुभाष बाजार हादसे पर सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने जताया दुख

# व्यापारियों को नोटिस देना नगर निगम का तुगलकी फरमान

एनएनआई



आगरा। सुभाष बाजार हादसे पर राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने दुख जताया है। उन्होंने मृत महिला के प्रति संवेदना प्रकट की और साथ ही साथ पीड़ित व्यापारियों के साथ मिलकर उनकी समस्याओं को जाना। नगर निगम द्वारा जो व्यापारियों को नोटिस दिया गया है, उस पर सांसद का कहना है नगर निगम ने तो तुगलकी फरमान जारी कर दिया है, जो व्यापारी 60 साल से लगातार नगर निगम को किराया दे रहे है उनको कैसे हटाया जा सकता है। जब तक उनकी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जाती उनकी रोजी-रोटी का सवाल है। सांसद ने आगे कहा व्यापारियों की लड़ाई हर मोर्चे पर लड़ी जाएगी और उसको न्याय दिलाने का कार्य समाजवादी पार्टी करेगी। प्रतिनिधि मंडल में दक्षिण विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विनय अग्रवाल ने कहा कि मृतक गंगा देवी को 50 लाख रुपए, घायल लोगों को 10-10 लाख रुपए और व्यापारी का जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई नगर निगम को करनी चाहिए। इसमें सबसे बड़ी गलती नगर निगम की है। जब नगर निगम मालिक है तो नगर निगम को समय रहते मरम्मत करानी चाहिए थी। व्यापारियों को ऐसे नहीं हटाया जा सकता। कोई सक्षम आर्किटेक्ट और इंजीनियर नियुक्त होना चाहिए। उसकी देखरेख में रिपोर्ट तैयार होनी चाहिए। पहले इनकी पुनर्वास की योजना सामने आनी चाहिए नहीं तो सैकड़ो लोग बेरोजगार हो जायेंगे।

व्यापार सभा के महानगर अध्यक्ष सोमेश गुप्ता ने कहा हम व्यापारियों के साथ हमेशा खड़े हैं और कोई भी अन्याय नहीं होने देंगे। सुभाष बाजार कमेटी के अध्यक्ष इंद्र कुमार, शैलेश जैन अमित शर्मा आदि ने बाजार कमेटी की बात रखी। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजीव पोद्दार, मदन गर्ग, धर्मेंद्र यादव, विजय ठाकुर, पठान कुरैशी, भोलू कुरैशी, परवेज खान, विनीत यादव, हिमांशु यादव, भानु प्रताप सिंह, अनिकेत कुमार आदि थे। सुभाष बाजार के बाद सपा प्रतिनिधिमंडल कमल सिंह विराट बाल्मिक की पत्नी गुड़िया देवी के निधन पर उसके निवास पर शोक संवेदना प्रकट करने मोती कटरा गए।

## लायंस क्लब प्रयास ने लगाए 100 बोगनविलिया के पौधे



एनएनआई

आगरा। पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देने के उद्देश्य से लायंस क्लब आगरा प्रयास ने नए सत्र की अपनी पहली सेवा गतिविधि के तहत पालीवाल पार्क में 100 बोगनविलिया के पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर शहर में हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ पक्षियों के लिए दाना डालने वाले विशेष बर्तन (बर्ड फीडर) भी वितरित किए गए, ताकि प्रकृति और जीव-जंतुओं के संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचे। वर्षा के बीच भी सदस्यों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. सीमा प्रताप सिंह, कमिश्नर आगरा की धर्मपत्नी, ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि डॉ. सीमा प्रताप सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि हर व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे और पक्षियों व अन्य जीवों के प्रति संवेदनशील बने, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित और संतुलित वातावरण मिल सकेगा। उन्होंने लायंस क्लब आगरा प्रयास की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में जागरूकता लाने का प्रभावी माध्यम हैं।

क्लब की पूर्व अध्यक्ष अशु मित्तल ने बोगनविलिया पौधों की विशेषताओं की जानकारी देते हुए बताया कि यह पौधा कम पानी में भी आसानी से विकसित हो जाता है तथा वर्षभर रंग-बिरंगे फूलों से वातावरण को आकर्षक बनाए रखता है। सड़क किनारों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर इसकी उपयोगिता अधिक होती है तथा यह पर्यावरण संरक्षण के साथ शहर की सुंदरता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने पौधारोपण के साथ उनकी नियमित देखभाल पर भी विशेष बल दिया।

क्लब की अध्यक्ष गीतिका अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब आगरा प्रयास समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर कार्य करेगा। वृक्षारोपण और पक्षी संरक्षण जैसे अभियान प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिकाधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान क्लब द्वारा पक्षियों के लिए दाना-पात्र भी वितरित किए गए। सदस्यों ने आमजन से अपील की कि विशेषकर गर्मी और वर्षा के मौसम में पक्षियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था अवश्य करें, जिससे जैव विविधता का संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष संजीव मित्तल, पूर्व अध्यक्ष अशु मित्तल तथा संस्थापक सचिव विनीत खेरा का विशेष मार्गदर्शन रहा।

## वाल्मिकी समाज की महापंचायत में राज्यसभा सांसद नवीन जैन का विरोध

आगरा एनएनआई। राज्यसभा सांसद नवीन जैन के विरोध में आज वाल्मिकी समाज की महापंचायत बैठी। सुभाष नगर स्थित वाल्मिकी वाटिका में आयोजित महापंचायत की वजह थी लगभग 16 वर्ष से भाजपा में हिन्दूवादी मानसिकता के साथ काम कर रहे मनीष साहू वाल्मिकी से कहे अपशब्द व गलत व्यवहार। महापंचायत में सैकड़ों लोग हाथों में नवीन जैन के विरोध में नवीन जैन फोटो हाथ में लेकर बैठे थे और नारे लगाते नजर आए। महापंचायत के अध्यक्ष अध्यक्ष चौं. मानसिंह ने कहा कि हमारा भाजपा से कोई विरोध नहीं है। मोदी जी ने तो हमारे पैर तक धोने का काम किया। लेकिन नवीन जैन की दलित विरोधी मानसिकता है। उन्होंने मांफी नहीं मांगी तो उग्र आंदोलन होगा। शहर में सफाई व्यवस्था भी ठप की जाएगी।

## महाकवि नीरज की पौत्रवधु को मिला चिकित्सा क्षेत्र में सिल्वर मेडल



आगरा एनएनआई। अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा आयोजित अपने द्वितीय दीक्षांत समारोह में डॉ पल्लवी खरे को दंत शाल्य चिकित्सा में स्नातकोत्तर उपाधि व सिल्वर मेडल प्रदान किया गया। डॉ पल्लवी ने एम. डी. एस. की पढ़ाई सरदार पटेल पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल एंड मेडिकल साइंसेज , लखनऊ से उत्तीर्ण की। डॉ पल्लवी को गवर्नर आनंदी बेन पटेल व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ,कुलपति मेजर जनरल डॉ अमित देवगन द्वारा दिया गया। डॉ पल्लवी खरे महाकवि नीरज की पौत्रवधू व डॉ अरस्तू प्रभाकर व समाजसेवी वत्सला प्रभाकर की पुत्रवधू व डॉ ओशो विश्वमोहन की धर्मपत्नी हैं।



## विश्व युवा कौशल दिवस पर राजकीय आईटीआई बल्केश्वर में लगी कौशल प्रदर्शनी

आगरा एनएनआई। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बल्केश्वर में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विधायक पुरुषोत्तम खण्डेलवाल द्वारा शुभारम्भ किया गया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कौशल विकास से प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरण किये गए। क्षेत्रीय सेवायोजन तथा कौशल विकास के माध्यम से आयोजित रोगार मेले में चयनित प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र वितरण किये गये। कार्यक्रम में विधायक पुरुषोत्तम खण्डेलवाल ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में कौशल ही युवाओं की सबसे बड़ी शक्ति है। केवल शैक्षणिक डिग्री ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक एवं तकनीकी कौशल भी सफलता और रोजगार की कुंजी है।

## विकास भवन में सुनीं किसानों की समस्याएं, किया जागरूक

आगरा एनएनआई। मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार, संजय प्लेस, आगरा में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद आगरा के किसानों की समस्याओं का जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा समाधान किया गया।

उप कृषि निदेशक, आगरा ने कृषि यंत्रीकरण योजना के अन्तर्गत कृषि यंत्रों पर अनुदान के सम्बन्ध में किसान दिवस में उपस्थित कृषकों को अवगत कराया गया। जिला कृषि अधिकारी, आगरा ने खेती में सल्फर उर्वरक से होने वाले लाभों के वारे में अवगत कराया गया, तथा तोरिया की बुकिंग तथा अन्य दलहनी तिलहनी एवं गेहूँ जौ की ऑनलाइन बुकिंग प्रारम्भ कर दी गयी है।




धवेन्द्र सिंह, विशेषज्ञ पशुपालन कृषि विज्ञान केन्द्र, बिचपुरी, आगरा ने भारतीय कृषि अनुसंधान के किसान सारथी पोर्टल के सम्बन्ध में अवगत कराया, एवं पशुओं में होने वाले लम्पी स्किन डिजीज के बचाव के बारे में जानकारी दी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने नंद बाबा दुग्ध मिशन योजना, एवं मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, के वारे में अवगत कराया। मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय पर तथा गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

किसान दिवस में उप कृषि निदेशक, आगरा, जिला कृषि अधिकारी, आगरा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, आगरा, जिला उद्यान अधिकारी, आगरा, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, आगरा, अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण विद्युत, (प्रतिनिधि), आगरा, अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड, आगरा, अधिशासी अभियन्ता सिचाई नहर, आगरा, सहायक निदेशक, मत्स्य आगरा, सहायक अभियन्ता (लघु सिचाई) आगरा, जिला खाद विपणन अधिकारी, (प्रतिनिधि) आगरा आदि जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ ही किसान श्री मोहन सिंह चाहर, एवं श्याम सिंह चाहर, लक्ष्मी नरायण बघेल, श्री सोमवीर यादव, चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह, लाखन सिंह आदि लगभग 100 किसान भी सभागार में उपस्थित रहे।

### बिहार से आए पर्यटकों को लपकों ने बनाया शिकार

# दो हजार रुपये लेकर सिर्फ दरगाह घुमाई, बाकी स्मारक बताए 'खंडहर'

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** बिहार से स्मारकों का भ्रमण करने आए छह सदस्यीय पर्यटक दल को कुछ लपकों और अनधिकृत गाइडों ने अपने झांसे में लेकर दो हजार रुपये ऐंठ लिए। इसके बाद उन्हें केवल दरगाह परिसर का भ्रमण कराया गया और शेष ऐतिहासिक स्मारकों को यह कहकर दिखाने से मना कर दिया कि "सीकरी के बाकी सभी स्मारक खंडहर हो चुके हैं।"




पीड़ित पर्यटकों के अनुसार, उन्हें गुलिस्ता पार्किंग पहुंचने से पहले ही कुछ लोगों ने रोक लिया। खुद को गाइड बताते हुए उन्होंने दो हजार रुपये में पूरे सीकरी के स्मारकों का भ्रमण कराने का झांसा दिया। रुपये लेने के बाद पर्यटकों को गोल्फ कार्ट से दरगाह परिसर ले जाया गया, जहां बिना प्रवेश शुल्क वाले हिस्से का ही भ्रमण कराया गया। इसके बाद उन्हें वापस पार्किंग भेज दिया गया।

गुलिस्ता पार्किंग लौटने पर पर्यटकों ने वहां लगे सूचना बोर्ड और अन्य स्मारकों के फोटो देखे तो उन्हें अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की कैनोपी पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों को लिखित शिकायत देकर पूरी घटना से अवगत कराया। शिकायत पत्र में पर्यटकों ने कथित लपकों के नाम भी बताए गए हैं तथा कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सीकरी में लपकों और अनधिकृत गाइडों का गिरोह लंबे समय से सक्रिय है, जो बाहर से आने वाले पर्यटकों को भ्रमित कर उनसे अवैध वसूली करता है। कई बार शिकायतें होने के बावजूद इस पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है, जिससे विश्व धरोहर स्थल की छवि भी प्रभावित हो रही है।

पर्यटकों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे लपकों और फर्जी गाइडों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी अन्य पर्यटक को इस तरह की ठगी का सामना न करना पड़े।

## कराही की गुमशुदा बालिका के परिजनों से मिले कांग्रेसी



एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** ग्राम कराही के नगला रमले से सात दिन पूर्व गुम हुई 11 वर्षीय बालिका का अब तक कोई सुराग नहीं लगने पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंच रहे हैं। मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनाथ सिकरवार के नेतृत्व में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिला और उन्हें ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

प्रतिनिधिमंडल ने परिवार से घटना की जानकारी ली और बालिका की शीघ्र सकुशल बरामदगी की मांग की। इस दौरान किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश डागुर ने कहा कि सात दिन बीत जाने के बावजूद बालिका का पता नहीं चलना चिंता का विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में पुलिस की कार्रवाई अपेक्षित गति से नहीं हुई। उन्होंने प्रशासन से प्रभावी कार्रवाई करते हुए बालिका की जल्द बरामदगी सुनिश्चित करने की मांग की।

उधर, परिजन अपने स्तर पर गांव, आसपास के क्षेत्रों के साथ-साथ रिश्तेदारियों में भी बालिका की तलाश कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि विभिन्न टीमों का गठन कर संभावित स्थानों पर तलाश की जा रही है और सभी पहलुओं पर जांच जारी है। प्रतिनिधिमंडल में जसवंत चाहर, अबरार कुरैशी, पार्षद मुकीम कुरैशी, राहुल शर्मा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## पिनाहट का सिक्योरिटी गार्ड आगरा से लापता

**पिनाहट** एनएनआई। डॉक्टर के क्लीनिक पर गार्ड की ड्यूटी पर तैनात पिनाहट का युवक रहस्यमय तरीके से लापता हो गया है। पिनाहट कस्बा के मोहल्ला मार दाऊजी मंदिर के पास के रहने वाले विशाल शर्मा ने बताया कि उसके पिता प्रेमनारायण पाराशर थाना हरी पर्वत की चौकी नेहरू नगर क्षेत्र में संचित गुप्ता क्लीनिक, गांधी नगर पर गार्ड की ड्यूटी करते थे। 12 जुलाई को दोपहर करीब डेढ़ बजे खाना खाने की कहकर निकले थे। तब से वह लापता हैं। उनका फोन भी स्विच ऑफ आ रहा है। विशाल की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कराई गई है।



## पिनाहट में खोखे से हजारों की चोरी

**पिनाहट** एनएनआई । कस्बा पिनाहट के मोहल्ला मार निवासी विनोद कुमार ने थाना पिनाहट में प्रार्थना पत्र देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित का आरोप है कि राजाखेड़ा रोड स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज के पास संचालित उनके खोखे को बीती रात काटकर उसमें रखा सामान चोरी कर लिया गया। पीड़ित के अनुसार चोरी की घटना से उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि वह इसी दुकान के माध्यम से अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। व्यापारी ने थाना प्रभारी से चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है।



## 25 लाख की लागत से बनी सीसी सड़क का विधायक ने किया लोकार्पण



एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी** विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर सीकरी के ग्राम दौरेठा में मंगलवार को विधायक निधि से 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित 250 मीटर लंबी सीसी सड़क का लोकार्पण विधायक ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना के साथ किया। यह सड़क प्राथमिक विद्यालय से रामभरोसी प्रधान के घर तक बनाई गई है।

लोकार्पण के बाद विधायक चौधरी बाबूलाल ने कहा कि क्षेत्र के गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। सड़क निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बरसात के दिनों में जलभराव व कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य लगातार जारी हैं ।

ग्रामीणों ने सड़क निर्माण पर खुशी जताते हुए विधायक का साफा और फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान डॉ. रामेश्वर चौधरी, गंगाधर कुशवाह, प्रधान धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, पूर्व प्रधान रणवीर सिंह, प्रधान बहादुर सिंह कुशवाह, उदय सिंह चाहर, मधु वर्मा, फतेह सिंह चाहर, रामवीर मास्टर, भूरी सिंह चाहर, डॉ. राजकमल, एडीओ पंचायत हरनारायण सिंह, प्रधान जयपाल सिंह, प्रधान रामपाल सिंह, प्रधान सुनील राणा, प्रधान होशियार सिंह, गुड्डा फौजी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बिहार भाजपा प्रवक्ता व पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल का स्वागत

एनएनआई

**आगरा।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासंघ भारत द्वारा नौबस्ता स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल धर्मशाला में बिहार राज्य के भाजपा प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल का भव्य और जोशीला स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें पगड़ी पहनाकर और पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि जिस प्रकार उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने अपराधियों और भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए प्रदेश को अपराध मुक्त बनाया है, उसी तर्ज पर बिहार भी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में विकास की राह पर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आज हर गरीब को न्याय मिल रहा है और अपराधियों में कानून का भय व्याप्त है।

**संगठन के रचनात्मक कार्यों की सराहना**


उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासंघ भारत द्वारा किए जा रहे सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से बिजली घर चौराहे पर छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय संयोजक एवं प्रदेश अध्यक्ष सुमित कटियार के प्रयासों को सराहा और कहा कि संगठन हिंदू हितों की रक्षा के लिए निरंतर सक्रिय है।

इस दौरान राष्ट्रीय संयोजक सुमित कटियार ने आगामी 19 फरवरी 2027 को छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मदिवस पर आगरा में विशाल शोभायात्रा निकालने की योजना साझा की। उन्होंने मुख्य अतिथि को इस कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया, जिसे श्री पटेल ने सहर्ष स्वीकार किया।

बैठक का संचालन प्रदेश मंत्री नितिन गोस्वामी ने किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री गोपाल सिंह चाहर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव चौहान, उपाध्यक्ष अर्जुन गिरज, जसवीर सिंह, दीपक जैन, डॉ. कृष्ण कुमार, दीपक सक्सेना, रवि व्यास और दिनेश कुशवाहा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। ?बैठक के पश्चात, कुर्मी समाज के गणमान्य नागरिकों द्वारा भी प्रेम रंजन पटेल का अभिनंदन किया गया। इसमें प्रभा हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. बी.के. सिंह, कृष्ण वर्मा, जुग्गी लाल वर्मा, डॉ. के.के. सिंह, डॉ. देवेंद्र केसरी और छत्रपति शिवाजी महाराज के इतिहास के प्रचारक जनार्दन पाटिल आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## संपादकीय

# जम्मू कश्मीर कब आएगा उचित समय



जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के मामले में सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस और विपक्षी पार्टियां भी अब सक्रिय हो गई हैं। उमर अब्दुल्ला की व्यग्रता समझी जा सकती है। वे पूर्ण बहुमत से निर्वाचित पार्टी के विधायक दल का नेता होने के नाते मुख्यमंत्री हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर के सामान्य प्रशासन में उनकी ज्यादा नहीं चलती। नरेंद्र मोदी सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की स्थिति राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सरकार जैसी बना रखी है, जहां सारे प्रमुख अधिकार उप-राज्यपाल के पास हैं। बहरहाल, अंतर यह है कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का केंद्र ने वादा कर रखा है, जबकि दिल्ली के साथ ऐसी बात नहीं है।धारा 370 को हटाने की संवैधानिकता पर सुनवाई के दौरान केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि ‘उचित समय’ आने पर जम्मू-कश्मीर को फिर से पूर्ण राज्य बनाया जाएगा। तब उसने कहा कि जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाने का कदम अस्थायी है। दिसंबर 2023 में धारा 370 पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के उस बयान को स्वीकार कर लिया। लेकिन उसने निर्देश दिया था कि जम्मू-कश्मीर में 30 सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव करा लिए जाएं। केंद्र ने इस आदेश का पालन किया। लेकिन उसके लगभग दो साल बाद तक उसने यह स्पष्ट नहीं किया है कि ‘उचित समय’ से उसका तात्पर्य क्या है और उसकी राय में इसके कब तक आने की संभावना है? इस संबंध में केंद्र और जम्मू-कश्मीर सरकारों के बीच संवाद रहता, तो उमर अब्दुल्ला को आंदोलन की राह पकड़ने की जरूरत नहीं पड़ती।पहले पार्टियां अनुच्छेद 370 हटाने और राज्य के विभाजन का भी विरोध कर रही थीं। लेकिन अब उनकी एकमात्र मांग पू राज्य का दर्जा बहाल करने की है। उधर लद्दाख को भी पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग चल ही रही है।राज्य में रैलियां आयोजित करने के बाद अब अब्दुल्ला ने दिल्ली में जंतर-मंतर पर आकर विरोध प्रदर्शन करने का इरादा जताया है। जम्मू कश्मीर के लिए पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग को लेकर यह प्रदर्शन होगा और निश्चित रूप से सभी विपक्षी पार्टियां इसमें शामिल होंगी। कांग्रेस और पीडीपी के अलावा दूसरी पार्टियां भी जिनका आधार जम्मू कश्मीर में नहीं है। ध्यान रहे 20 जुलाई से संसद का मानसून सत्र शुरू हो रहा है। उस दिन प्रदर्शन होगा तो उसके बाद संसद में भी यह मुद्दा उठेगा। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने भी सवाल उठाया है कि जब पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं देना था तो चुनाव क्यों कराया गया?बेहतर होगा, केंद्रीय नेतृत्व इस प्रश्न को दलगत हितों से उठ कर देखे और एक निर्वाचित सरकार के मुख्यमंत्री को भरोसे में ले। उसे यह भी याद करना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर का दर्जा गिराए सात साल गुजर चुके हैं। आखिर ‘अस्थायी’ उपाय की कोई तो तार्किक समय-सीमा होनी चाहिए। वैसे भी किसी पूर्ण राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बनाना विचित्र और सामान्य समझ से लोकतांत्रिक भावना के खिलाफ कदम था। उससे पैदा हुई विसंगतियों को दूर करने के लिए अब वो कदम वापस लिए जाने की आवश्यकता है।




# भारत पर 100% टैरिफ लगा सकता है अमेरिका, संसद में बिल पेश

## रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर कार्रवाई की तैयारी, 5 देश निशाने पर

**अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। अमेरिकी सीनेट में रूस पर प्रतिबंधों से जुड़ा एक संशोधित बिल पेश किया गया है। इसमें रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100% तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा गया है।**

बिल के मुताबिक भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान पर 100% टैरिफ लगाया जा सकता है। यह बिल रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों पार्टियों के समर्थन से लाया जा रहा है। इसका मकसद रूस की तेल से होने वाली कमाई को कम करना है, ताकि उसकी युद्ध लड़ने की क्षमता कमजोर हो सके।

इसके तहत रूस के अधिकारियों, शैडो टैंकर बेड़े, केंद्रीय बैंक और सरकारी ऊर्जा परियोजनाओं पर भी प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है। पहले बिल के शुरूआती मसौदे में 500% टैरिफ लगाने का प्रस्ताव था, लेकिन बाद में इसे घटाकर 100% कर दिया गया। अगर यह बिल पास हो जाता है, तो अमेरिका पहली बार किसी देश पर सिर्फ इसलिए टैरिफ लगाएगा, क्योंकि वह रूस से तेल खरीदकर उसकी कमाई बढ़ा रहा है।

**भारत ने पिछले महीने आधे से ज्यादा तेल रूस से खरीदा**

भारत ने जून 2026 में रूस से रिकॉर्ड 26.1 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल खरीदा, जो देश के कुल तेल आयात का 52.4% था। यानी पिछले महीने भारत में आयात होने वाले हर दो बैरल तेल में एक से ज्यादा बैरल रूस से आया। रूस लगातार भारत का सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना हुआ है। मई के मुकाबले जून में रूस से तेल आयात में करीब 39% की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

**यूरोपीय देशों को टैरिफ में राहत देगा अमेरिका**

रूस से प्राकृतिक गैस खरीदने वाले चीन, फ्रांस, जापान, हंगरी और बेल्जियम को भी इसके दायरे में रखा गया है। हालांकि, जो देश रूस की कुल गैस निर्यात का 15% से कम आयात करते हैं और अपनी निर्भरता घटाने की दिशा में कदम उठा रहे हैं, उन्हें छूट मिल सकती है।

सीनेट में पेश बिल के तहत 15 यूरोपीय देशों को प्रस्तावित 100% टैरिफ से छूट दी गई है। इन देशों को राहत इसलिए दी गई है, क्योंकि ये रूस से 15% से कम प्राकृतिक गैस खरीदते हैं और धीरे-धीरे उस पर अपनी निर्भरता भी कम कर रहे हैं। डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने कहा कि यह बिल यूरोपीय सहयोगियों के खिलाफ नहीं है। इसका निशाना सिर्फ वे देश हैं, जो अब भी रूस के तेल कारोबार को सबसे ज्यादा आर्थिक सहारा दे रहे हैं। बिल में रूस के ऊर्जा उद्योग, वित्तीय संस्थानों, रक्षा औद्योगिक ढांचे, कारोबारियों और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तक पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है।

**रूस पर सख्ती वाले बिल को दोनों दलों का समर्थन**

सीनेट में पेश रूस-विरोधी टैरिफ बिल को रिपब्लिकन और डेमोक्रेट, दोनों दलों का समर्थन मिला है। इसे अमेरिकी राजनीति में 'बाइपार्टिसन बिल' कहा जाता है। यानी ऐसा प्रस्ताव जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों सहमत हों। आमतौर पर अमेरिका में कई बड़े विधेयक राजनीतिक मतभेदों की वजह से अटक जाते हैं। लेकिन जब दोनों दल किसी बिल के साथ खड़े होते हैं, तो उसके कांग्रेस से पारित होने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

हालांकि, बिल को कानून बनने के लिए अभी सीनेट और प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) दोनों से मंजूरी लेनी होगी। इसके बाद राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होने पर ही यह कानून बनेगा।

**ट्रम्प को मिलेगी छूट देने की शक्ति**

संशोधित बिल में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को यह अधिकार भी दिया गया है कि अगर उन्हें लगे कि यह अमेरिका के राष्ट्रीय हित में है, तो वे इन प्रतिबंधों या टैरिफ में छूट दे सकते हैं। यह बिल अप्रैल 2025 में रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने पेश किया था। 11 जुलाई को लिंडसे ग्राहम का निधन हो गया। ट्रम्प ने कहा कि इस बिल को आगे बढ़ाना ग्राहम की प्राथमिकता थी और इसे उनकी याद में आगे बढ़ाया जा रहा है। अब तक 26 सीनेटर इस बिल को अपना समर्थन दे चुके हैं और आगे समर्थन बढ़ने की उम्मीद है।

**टैरिफ पर कानून बनाने की जरूरत क्यों पड़ी**

ट्रम्प ने 1977 के अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम का हवाला देकर कई देशों पर टैरिफ लगाया। इसके तहत नेशनल इमरजेंसी घोषित कर नोटिफिकेशन जारी किया जाता और सीधे टैरिफ लगा देते थे। 20 फरवरी 2026 को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ‘एएढअ’ राष्ट्रपति को टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं देता। यह अधिकार मुख्य रूप से कांग्रेस (संसद) के पास है। इसी वजह से अब इस पर बिल लाया गया है, ताकि राष्ट्रपति को टैरिफ लगाने का अधिकार मिल जाए।

### 100% टैरिफ से भारत पर 3 बड़े असर होंगे

भारतीय सामान दोगुने महंगे हो जाएंगेः अमेरिका भारत का सबसे बड़ा बाजार है, जहां भारत सालाना करीब 6.5 लाख करोड़ रुपए का सामान निर्यात करता है। 100% टैक्स लगने से भारतीय सामान वहां दोगुने महंगे हो जाएंगे और बिक्री ठप हो जाएगी। बचत से 10 गुना बड़ा घाटाः रूसी तेल से भारत सालाना करीब 60,000 करोड़ रुपए बचाता है, लेकिन अमेरिकी बाजार खोने से होने वाला नुकसान इस बचत से 10 गुना ज्यादा होगा। नौकरियां जाएंगी और रुपया कमजोर होगाः 100% टैरिफ से अमेरिका को होने वाला ?2.1 लाख करोड़ का कपड़ा, हीरा और दवा निर्यात ठप हो जाएगा। इससे इन उद्योगों में काम करने वाले करीब 15 से 20 लाख लोग प्रभावित हो सकते हैं। निर्यात घटने से देश में डॉलर की कमी होगी, जिससे भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले कमजोर हो सकता है।



# शिल्पा शिंदे ने संघर्षभरे दौर को किया याद, मानसिक दबाव और विवादों पर रखी बात

लोकप्रिय अभिनेत्री शिल्पा शिंदे ने एक कार्यक्रम के दौरान अपने जीवन के कठिन दौर को याद करते हुए कई निजी अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि एक चर्चित धारावाहिक से अलग होने के बाद उन्हें अनेक विवादों, आरोपों और मानसिक दबाव का सामना करना पड़ा। बातचीत के दौरान शिल्पा शिंदे ने बताया कि उस समय उन्हें एक वीडियो भेजा गया था, जिसके बारे में दावा किया गया कि उसमें दिखाई देने वाली महिला वही हैं। अभिनेत्री ने कहा कि वीडियो देखने से पहले वह बेहद चिंतित और परेशान हो गई थीं। हालांकि वीडियो देखने के बाद उन्हें स्पष्ट हो गया कि उसमें दिखाई देने वाली महिला वह नहीं थीं।

अभिनेत्री ने कहा- एक धारावाहिक छोड़ने के बाद कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा

शिल्पा ने बताया कि इस घटना के बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया और मामले की जानकारी दी। इसके बावजूद वीडियो को उनके नाम से जोड़कर विभिन्न माध्यमों पर प्रसारित किए जाने की कोशिश की गई, जिससे उन्हें मानसिक रूप से काफी परेशानी हुई। अभिनेत्री के अनुसार, इस घटना का प्रभाव उनके परिवार और परिचितों पर भी पड़ा। कई लोगों ने उनसे सीधे संपर्क कर वीडियो की सत्यता के बारे में पूछताछ की, जिससे स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो गई। अपने करियर के उस दौर का उल्लेख करते हुए शिल्पा शिंदे ने कहा कि उन्हें कई अन्य कठिन परिस्थितियों का भी सामना करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की गई, जिसके कारण उन्हें अतिरिक्त दबाव झेलना पड़ा। अभिनेत्री के अनुसार वह समय उनके जीवन का सबसे चुनौतीपूर्ण दौर था। शिल्पा शिंदे को धारावाहिक भाबीजी घर पर हैं में निभाए गए अंगूरी भाभी के किरदार से व्यापक पहचान मिली थी। कार्यक्रम से अलग होने के बाद भी वह लगातार चर्चा में रहीं और बाद में एक लोकप्रिय वास्तविकता आधारित कार्यक्रम की विजेता भी बनीं। अभिनेत्री के इस खुलासे के बाद मनोरंजन जगत में एक बार फिर कलाकारों के सामने आने वाली चुनौतियों, मानसिक दबाव और निजी जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर चर्चा तेज हो गई है।



# प्यार का आधार है सम्मान और साथ : शहनाज गिल

### अभिनेत्री ने रिश्तों को लेकर साझा किए अपने विचार, प्रशंसकों ने सिद्धार्थ शुक्ला को किया याद



अभिनेत्री शहनाज गिल ने हाल ही में एक बातचीत के दौरान प्रेम और रिश्तों को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि उनके लिए प्रेम केवल भावना नहीं, बल्कि एक-दूसरे को समझने, सम्मान देने और हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने का नाम है। शहनाज गिल ने कहा कि किसी भी रिश्ते की मजबूती आपसी सम्मान और सहयोग पर निर्भर करती है। उनके अनुसार सच्चा प्रेम वही है, जिसमें व्यक्ति अपने प्रियजन की भावनाओं को समझे

और

हर परिस्थिति में उसका साथ निभाए। उन्होंने कहा कि प्रेम का एहसास केवल बड़े अवसरों पर नहीं, बल्कि जीवन की छोटी-छोटी बातों में भी दिखाई देता है। किसी व्यक्ति का भीड़ में भी आपको पहचान लेना, आपकी उपस्थिति को महसूस करना और आपकी परवाह करना रिश्तों की गहराई को दर्शाता है। शहनाज के इन विचारों के बाद सामाजिक माध्यमों पर उनके प्रशंसकों ने अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला को भी याद किया। दोनों की मुलाकात एक चर्चित वास्तविकता आधारित कार्यक्रम के दौरान हुई थी और उनकी मित्रता को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। समय के साथ दोनों की निकटता चर्चा का विषय बनी रही। वर्ष 2021 में सिद्धार्थ शुक्ला के निधन के बाद शहनाज गिल को गहरा आघात पहुंचा था। इसके बाद उन्होंने कुछ समय तक सार्वजनिक जीवन से दूरी बनाए रखी और धीरे-धीरे अपने व्यावसायिक जीवन पर ध्यान केंद्रित किया। विभिन्न अवसरों पर वह सिद्धार्थ शुक्ला की स्मृतियों का उल्लेख भी कर चुकी हैं। कार्य क्षेत्र की बात करें तो शहनाज गिल ने हाल के वर्षों में फिल्मों और अन्य मनोरंजन परियोजनाओं के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाई है। हिंदी और पंजाबी मनोरंजन जगत में उनकी लोकप्रियता लगातार बनी हुई है तथा दर्शक उनकी आगामी फिल्मों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। शहनाज गिल के ताजा वक्तव्य ने एक बार फिर यह संदेश दिया है कि किसी भी रिश्ते की वास्तविक शक्ति प्रेम, विश्वास, सम्मान और साथ निभाने की भावना में निहित होती है।.

NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र



# दूसरे वनडे में भारत की नजर सीरीज जीत पर

## गिल की फिटनेस बनी चिंता का विषय




- कार्डिफ में आज इंग्लैंड से भिड़ेगी भारतीय टीम, प्लेइंग इलेवन में बदलाव के संकेत
- अर्शदीप को मिल सकता है मौका, कुलदीप यादव को फिर करना पड़ सकता है इंतजार

**कार्डिफ।** इंग्लैंड के खिलाफ पहला वनडे जीतकर बढ़त बना चुकी भारतीय टीम गुरुवार को दूसरे मुकाबले में सीरीज अपने नाम करने के इरादे से मैदान में उतरेगी। हालांकि मैच से पहले कप्तान शुभमन गिल की फिटनेस टीम प्रबंधन की चिंता बढ़ा रही है। पहले वनडे में शानदार 80 रन की पारी खेलने के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव के कारण गिल को मैदान छोड़ना पड़ा था।

गिल की फिटनेस को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन टीम को उम्मीद है कि वह दूसरे वनडे के लिए उपलब्ध रहेंगे। यदि गिल पूरी तरह फिट नहीं होते हैं तो भारतीय टीम को शीर्ष क्रम में बदलाव करना पड़ सकता है।

भारतीय टीम प्रबंधन की नजर रोहित शर्मा के प्रदर्शन पर भी रहेगी। पहले मुकाबले में रोहित बड़ी पारी नहीं खेल सके थे। ऐसे में दूसरे वनडे में उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। वहीं विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल से भी मध्यक्रम में अहम योगदान की अपेक्षा होगी।

पहले मैच में अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर ने बल्ले और गेंद दोनों से प्रभावित किया था। दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने टीम संतुलन को मजबूत किया है। वहीं जसप्रीत बुमराह की लय में वापसी भारतीय टीम के लिए सकारात्मक संकेत मानी जा रही है।

### रोहित को बल्ले से दिखाना होगा दम

- भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के प्रदर्शन पर टीम प्रबंधन की नजर होगी जो पहले मैच में बड़ी पारी नहीं खेल सके थे।
- रोहित ने कप्तानी गंवाने के बाद अपने आक्रामक रवैए पर अंकुश लगाया लेकिन उन्हें अभी तक इससे खास फायदा नहीं हुआ है।
- रोहित ने पिछले साल अक्तूबर से 13 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने एक शतक और चार अर्धशतकों की मदद से 46.91 के औसत से 563 रन बनाए हैं।
- यह कोई मामूली रिकॉर्ड नहीं है। लेकिन भारतीय ड्रेसिंग रूम के मौजूदा हालात ने रोहित के लिए लगभग हर मैच में अच्छा प्रदर्शन करना अनिवार्य बना दिया है।
- रोहित अब इस स्थिति में है कि वह किसी भी चीज को भाग्य के सहारे नहीं छोड़ सकते हैं क्योंकि भारत के शीर्ष क्रम में ईशान किशन के रूप में विकल्प मौजूद है।




# मेसी के दो असिस्ट से अर्जेंटीना फाइनल में

## इंग्लैंड का खिताबी सपना टूटा

**न्यूयॉर्क।** लियोनेल मेसी के शानदार खेल और आखिरी मिनटों में किए गए दो गोलों की बदौलत अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2026 के दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। मेसी भले ही गोल करने में सफल नहीं रहे, लेकिन उनके दो सटीक असिस्ट टीम की जीत की सबसे बड़ी वजह बने।

कड़े मुकाबले में इंग्लैंड ने दूसरे हाफ में बढ़त हासिल कर ली थी और टीम फाइनल की ओर बढ़ती नजर आ रही थी। हालांकि मैच के अंतिम 15 मिनट में अर्जेंटीना ने जबरदस्त वापसी करते हुए दो गोल दाग दिए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाया, जिसके चलते मैच में लगातार फाउल होते रहे। पहले 45 मिनट में कुल 19 फाउल हुए, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। दोनों पक्षों के खिलाड़ी गोल पर सटीक निशाना लगाने में भी नाकाम रहे।

- दूसरे सेमीफाइनल में अर्जेंटीना ने इंग्लैंड को 2-1 से हराया
- 60 साल में तीसरी बार विश्व कप सेमीफाइनल में हारा इंग्लैंड, लगातार दूसरे फाइनल में पहुंची अर्जेंटीना

दूसरे हाफ में मुकाबला खुला और इंग्लैंड ने बढ़त बनाकर अर्जेंटीना पर दबाव बढ़ा दिया। लेकिन अनुभवी मेसी ने निर्णायक समय पर खेल का रुख बदल दिया। उनके दो बेहतरीन पासों का फायदा उठाकर अर्जेंटीना के खिलाड़ियों ने गोल किए और इंग्लैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

इस जीत के साथ अर्जेंटीना लगातार दूसरे विश्व कप फाइनल में पहुंच गई है। इससे पहले टीम 2022 में भी खिताबी मुकाबले तक पहुंची थी। वहीं इंग्लैंड का विश्व कप में सेमीफाइनल जीतने का इंतजार और लंबा हो गया। 1966 में विश्व चैंपियन बनने के बाद इंग्लैंड 1990, 2018 और अब 2026 में सेमीफाइनल की बाधा पार नहीं कर सका।

अब खिताबी मुकाबले में अर्जेंटीना का सामना स्पेन से होगा। फुटबॉल जगत की नजरें इस महामुकाबले पर टिकी हैं, जहां मेसी की अगुआई वाली अर्जेंटीना एक और विश्व खिताब जीतने की कोशिश करेगी।

## गुरुवार, 16 जुलाई राशिफल



मेष: आज आत्मविश्वास के साथ लिए गए फैसले आपके लिए लाभदायक रहेंगे। करियर में नई जिम्मेदारी या अवसर मिल सकता है। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर कदम बढ़ाएं। परिवार का सहयोग मिलेगा और पुराने रुके काम पूरे होने के योग हैं।


वृष: आज का दिन आर्थिक मामलों में मजबूत साबित हो सकता है। नौकरी और व्यापार में अच्छे अवसर मिलेंगे। परिवार के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा। यात्रा से लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी पुराने निवेश से फायदा मिल सकता है।


मिथुन: आज नए संपर्क और बातचीत आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। करियर में पुराने कामों को पूरा करने का अच्छा समय है। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा और छोटी यात्रा के योग बन सकते हैं। जल्दबाजी में कोई बड़ा फैसला न लें।


कर्क: आज आत्मचिंतन के साथ-साथ करियर में भी अच्छे अवसर मिल सकते हैं। मेहनत का पूरा फल मिलने की संभावना है। परिवार और जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और किसी शुभ समाचार से मन खुश रहेगा।



सिंह: आज स्वास्थ्य और दिनचर्या पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कार्यक्षेत्र में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें और किसी भी विवाद से दूर रहें।


कन्या: आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। नौकरी और व्यापार में नए अवसर मिलेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार का सहयोग मिलेगा और सामाजिक सम्मान बढ़ेगा।


तुला: आज करियर और रिश्तों में गंभीर बातचीत लाभदायक रहेगी। साझेदारी के काम में सफलता मिलने के योग हैं। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखें। परिवार का साथ मिलेगा और कोई महत्वपूर्ण निर्णय आपके पक्ष में जा सकता है।


वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली साबित हो सकता है। यात्रा या धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र में सफलता और आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा।


धनु: आज स्वास्थ्य और गुप्त मामलों में सावधानी रखने की जरूरत है। नौकरी और कारोबार में धैर्य के साथ काम करें। परिवार का सहयोग मिलेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें और किसी भी निर्णय में जल्दबाजी न करें।


मकर: आज करियर में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और सम्मान बढ़ेगा। परिवार के साथ समय अच्छा बीतेगा। शिक्षा और नौकरी से जुड़े मामलों में सफलता मिलने के योग हैं।


कुंभ: आज नए संपर्क भविष्य में लाभ दिला सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। कार्यक्षेत्र में रचनात्मक सोच का फायदा मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और अनावश्यक तनाव से बचें।


मीन: आज आर्थिक मामलों में समझदारी से लिए गए फैसले लाभ देंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा और घर का माहौल सुखद रहेगा। करियर में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। भविष्य की योजनाओं पर काम करने के लिए दिन अनुकूल है।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# श्री प्रेमनिधि मंदिर में रथारूढ़ स्वरूप में विराजे ठाकुर श्याम बिहारी

- श्रद्धालुओं ने अलौकिक स्वरूप के दर्शन किए और प्रभु की कृपा का लाभ प्राप्त किया



**आगरा (एनएनआई)।** नाई की मंडी स्थित श्री प्रेमनिधि मंदिर में पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार ठाकुर श्री श्याम बिहारी जी के भव्य रथयात्रा दर्शन सम्पन्न हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में उपस्थित होकर ठाकुरजी के अलौकिक स्वरूप के दर्शन किए और प्रभु की कृपा का लाभ प्राप्त किया। मंदिर के मुख्य सेवायत हरिमोहन गोस्वामी एवं सुनीत गोस्वामी ने बताया कि पुष्टिमार्ग में रथयात्रा प्रभु श्री जगन्नाथ के प्रति अगाध प्रेम तथा गोपियों के भाव की अभिव्यक्ति है। इस उत्सव में भक्त प्रभु को अपने हृदय में विराजमान कर उन्हें ब्रज लाने की भावना से रथयात्रा दर्शन करते हैं। यह पर्व इस संदेश को भी प्रकट करता है कि भगवान स्वयं अपने भक्तों के सुख-दुःख में सहभागी होने के लिए उनके बीच पधारते हैं। मंदिर प्रशासक दिनेश पचौरी ने बताया कि पुष्टिमार्ग में यह दिन श्री गुसाईंजी (श्री विट्ठलनाथ जी) द्वारा स्थापित रथयात्रा परंपरा का स्मरण कराने वाला अत्यंत पावन पर्व है। साथ ही यह दिन श्री महाप्रभु वल्लभाचार्य की असुरव्यामोह लीला के भावपूर्ण स्मरण का भी विशेष अवसर माना जाता है। रथयात्रा दर्शन के अवसर पर ठाकुर श्री श्याम बिहारी जी का विशेष श्रृंगार किया गया। ठाकुरजी को मनोहारी पाग, सीरपेच, कुंडल, कड़ा तथा आकर्षक पुष्पमालाओं से अलंकृत कर दिव्य स्वरूप में विराजमान किया गया। भक्तों ने भजन-कीर्तन, संकीर्तन और जयघोष के मध्य प्रभु के रथयात्रा दर्शन कर भावविभोर होकर आराधना की।

# आगरा प्लास्टिक सर्जन्स सोसाइटी ने मनाया 'विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस'

**सोसाइटी ने वैज्ञानिक सत्रों, व्याख्यान और सीएमई के साथ वार्षिक बैठक का आयोजन किया**

एनएनआई



**आगरा।** आगरा प्लास्टिक सर्जन्स सोसाइटी ने 'विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस' के अवसर पर अपनी वार्षिक बैठक का आयोजन किया। विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक सर्जरी के क्षेत्र, इसकी सुरक्षा और इसके पुनर्निर्माण (रिकंस्ट्रक्टिव) महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। आम जनता में अभी भी यह गलतफहमी बनी हुई है कि प्लास्टिक सर्जरी का दायरा केवल सौंदर्य बढ़ाने (कॉस्मेटिक सर्जरी) तक ही सीमित है। हालांकि, प्लास्टिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी गंभीर चोट (ट्रॉमा), जलन (बर्न), कैंसर, जन्मजात विकृतियों और अन्य बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के अंगों के आकार और उनके कामकाज को फिर से ठीक करने में एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हर साल इस विशेष दिन पर, हम चिकित्सा समुदाय और आम जनता दोनों तक पहुँचने का प्रयास करते हैं ताकि प्लास्टिक सर्जरी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया जा सके और उन पुनर्निर्माण व अक्सर जीवन बदलने वाली प्रक्रियाओं को उजागर किया जा सके जो हमारी स्पेशलिटी प्रदान करती है, आगरा प्लास्टिक सर्जन्स सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. ओम कांत गुप्ता ने कहा। इसके साथ ही हम निरंतर चिकित्सा शिक्षा के प्रति भी पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं, ताकि हमारे क्षेत्र के प्लास्टिक सर्जन इस क्षेत्र में हो रहे नवीनतम विकासों और तकनीकों से अपडेट रहें, सोसाइटी के सचिव डॉ. अनुरंजन गुप्ता ने कहा। सोसाइटी द्वारा समय-समय पर इस तरह के सीएमई और कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं। इनके माध्यम से प्लास्टिक सर्जन आपस में ज्ञान साझा करते हैं, नैदानिक (क्लिनिकल) अनुभवों पर चर्चा करते हैं और कॉस्मेटिक व रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी में उभरती हुई नई तकनीकों को सीखते हैं–यह क्षेत्र में मरीजों की देखभाल के उच्च मानकों को बनाए रखने का एक निरंतर प्रयास है। इस मौके पर डॉ. प्रो. राहुल सहाय, डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. ओम कांत गुप्ता, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. आदित्य राय, डॉ. सत्य सारस्वत, डॉ. अनुरंजन गुप्ता, डॉ. अजय सिंघल, डॉ. प्रणय चकोटिया, डॉ. मनीष, डॉ. पुनीत भारद्वाज, डॉ. मानवी मिश्रा, डॉ. दीपशिखा, डॉ. आशा खुशालानी, डॉ. श्रीप्रिया और डॉ. भूपेश गोगिया। आगरा प्लास्टिक सर्जन्स सोसाइटी आगरा में अभ्यास करने वाले योग्य प्लास्टिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जनों का एक पेशेवर संगठन है। यह निरंतर चिकित्सा शिक्षा, वैज्ञानिक आदान-प्रदान और सार्वजनिक जागरूकता अभियानों के माध्यम से प्लास्टिक सर्जरी के मानकों को और अधिक उन्नत बनाने के लिए समर्पित है।

# दीक्षांत समारोह में एनसीटीई चेयरमैन प्रो. पंकज अरोड़ा होंगे मुख्य अतिथि

**आगामी तीन अगस्त को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा**

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के शैक्षिक सत्र 2025-26 का दीक्षांत समारोह आगामी तीन अगस्त को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने इस समारोह में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के चेयरमैन प्रो. पंकज अरोड़ा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए जाने को सहर्ष स्वीकृति प्रदान कर दी है।



राज्यपाल सचिवालय द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, विश्वविद्यालय को निर्देशित किया गया है कि दीक्षांत समारोह की तैयारियां समयबद्ध एवं गरिमापूर्ण ढंग से पूर्ण की जाये। प्रो. पंकज अरोड़ा देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों में गिने जाते हैं। वर्तमान में वे राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के चेयरमैन के रूप में देश में शिक्षक शिक्षा की गुणवत्ता, नई शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, नवाचार आधारित शिक्षण, डिजिटल शिक्षा तथा भविष्य उन्मुख शिक्षक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कुलपति प्रो. आशु रानी ने कहा कि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के लिए उपलब्धियों का उत्सव होने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की नई शुरूआत का अवसर है।

उन्होंने कहा कि मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. पंकज अरोड़ा की उपस्थिति विद्यार्थियों को शिक्षा, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन समारोह की सभी तैयारियां शासन एवं कुलाधिपति सचिवालय के निर्देशों के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कर रहा है।

